सम्मान | कलेक्टर ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के प्रावीण्य सूची में स्थान अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

# बोर्ड परीक्षा परिणाम भविष्य की दिशा करते हैं तय : पंचोली



**अनूपपुर, नवभारत 16 अप्रैल।** जिला शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है। बोर्ड परीक्षा प्रत्येक विद्यार्थी के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव होती है, जिसके परिणाम ही उनके भविष्य की दिशा निर्धारित करते हैं।

जिले ने इस वर्ष अभूतपूर्व सफलता प्राप्त करते हुए पूरे प्रदेश में अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराया है। यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि जिले के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान करने का अवसर प्राप्त हुआ है। इन विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और समर्पण के कारण ही जिले ने हाईस्कूल कक्षा 10वीं में प्रदेश में प्रथम तथा हायर सेकेंडरी (कक्षा 12वीं) में द्वितीय स्थान प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

### विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

कलेक्टर हर्षल पंचोली गुरूवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल बोर्ड परीक्षा परिणाम-2026 के अंतर्गत कक्षा 10वीं एवं 12वीं की प्रावीण्य सूची में स्थान अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थियों को बड़े सपने अवश्य देखने चाहिए, क्योंकि सपने ही सफलता की पहली सीढ़ी होते हैं।

### सपनों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत जरुरी

उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अपने सपनों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। विद्यार्थियों को सलाह दी कि वह अपने लक्ष्य को स्पष्ट रूप से निर्धारित करें और उसी दिशा में आगे बढ़ें। साथ ही अच्छे कॉलेज में प्रवेश लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त करें तथा अभी से पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुट जाएं।

### अभिभावक बच्चों के सपनों को समझें

कलेक्टर ने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे अपने बच्चों के सपनों को समझें और उन्हें पूरा करने में हर संभव सहयोग प्रदान करें, ताकि विद्यार्थी आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।

### बोर्ड परीक्षा परिणाम कैरियर की महत्वपूर्ण शुरुआत है : अर्चना कुमारी

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अर्चना कुमारी ने कहा कि कक्षा 10वीं एवं 12वीं की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए यह अत्यंत गर्व का क्षण है। बोर्ड परीक्षा का परिणाम विद्यार्थियों के कैरियर की एक महत्वपूर्ण शुरुआत होता है और यह उन्हें आगे बढ़ने की दिशा प्रदान करता है।



### विद्यार्थियों को शील्ड व प्रशस्ति पत्र प्रदान किये

कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत ने कार्यक्रम में राज्य स्तरीय मेरिट सूची में स्थान अर्जित करने वाले कक्षा 10वीं की छात्रा खुशी साहू तथा कक्षा 12वीं के छात्र धीरज पांडेय को शील्ड, प्रशस्ति पत्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। इसी प्रकार जिला स्तरीय मेरिट सूची में स्थान हासिल करने वालों को शील्ड, प्रशस्ति पत्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

## संदिग्ध मौत पर मैजिस्ट्रियल जांच, 18 को साक्ष्य आमंत्रित

कोतमा में अस्पताल की लापरवाही से मौत का मामला

**अनूपपुर, नवभारत 16 अप्रैल।** जिले के कोतमा क्षेत्र में एक मरीज की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कोतमा निवासी राम भुवन तिवारी की मृत्यु को लेकर सामने आए आरोपों के बाद जिला प्रशासन ने मामले की मैजिस्ट्रियल जांच के आदेश दे दिए हैं।

इस संबंध में आमजन से 18 अप्रैल को लिखित एवं दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने की अपील की गई है। जानकारी के अनुसार यह मामला 14 मार्च की रात का है। मृतक के पुत्र राजकुमार तिवारी ने बताया कि उनके पिता राम भुवन तिवारी को शाम करीब 7 बजे अचानक सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई, जिसके बाद वे उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोतमा लेकर पहुंचे। आरोप है कि ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने बिना गंभीर जांच किए ही इसे गैस की समस्या बताते हुए सामान्य दवा देकर मरीज को घर भेज दिया।

### मरीज दर्द से तड़पता रहा लेकिन डॉक्टर नहीं आए

परिजनों के अनुसार रात करीब 3.30 बजे राम भुवन तिवारी की हालत अचानक बिगड़ गई और सीने में असहनीय दर्द होने लगा। परिजन उन्हें तुरंत दोबारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे, लेकिन उस समय ड्यूटी डॉक्टर अपने कक्ष में आराम कर रहे थे। आरोप है कि डॉक्टर को बुलाने के लिए परिजनों को लगभग आधे घंटे तक दरवाजा खटखटाना पड़ा। इस दौरान मरीज दर्द से तड़पता रहा और अंततः उसकी मृत्यु हो गई।

### चिकित्सक मुख्यालय में निवास नहीं करते

यह भी आरोप लगाया गया है कि संबंधित चिकित्सक मुख्यालय में निवास नहीं करते और लगभग 26 किलोमीटर दूर बिजुरी में रहते हैं, जिससे आपातकालीन स्थिति में उनकी उपलब्धता प्रभावित होती है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी हर्षल पंचोली ने अनुविभागीय दण्डाधिकारी (एसडीएम) कोतमा को विस्तृत मैजिस्ट्रियल जांच के निर्देश दिए हैं।

## शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो के मंत्र को आत्मसात करे : राव

**अनूपपुर, नवभारत 16 अप्रैल।** रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर द्वारा 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 136वीं जयंती शाखा कार्यालय में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर बाबा साहब के जीवन और विचारों पर आधारित एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया तथा मिष्ठान्न वितरण कर जयंती मनाई गई। शाखा अध्यक्ष सिराज अहमद मंसूरी ने बताया कि यह कार्यक्रम रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण, जोनल अध्यक्ष डीके स्वाइन, मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री के निर्देश एवं जोनल कार्यकारी



अध्यक्ष सीआईसी प्रभारी लक्ष्मण राव के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लक्ष्मण राव ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो को आत्मसात करने की अपील की। विशिष्ट अतिथि मुख्य स्टेशन अधीक्षक एमपी शर्मा ने शाखा की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि रेलवे मजदूर कांग्रेस अनूपपुर द्वारा गांधी जयंती, शास्त्री जयंती सहित सभी राष्ट्रीय पर्वों को टीम वर्क के साथ गंभीरता से मनाया जाता है।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर विवेक राय, सदाशिव पांडेय, संजीव राव, चंदन कुमार, रिजवान अहमद, रविकांत राय, एसटीएसी एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद गौर, सीएचआई अनूपपुर नरेंद्र मीणा, सीटीआई एससी कोरी, विजय टेकनवार, केव्हीआर. मूर्ति, जी सूर्यराव, यूनियन नेता अजय चौधरी, मुकेश यादव, अज़हर नियाज खान, शंकर राठौर, थान सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

### एससी-एसटी वेलफेयर सोसायटी ने मनाई जयंती


**जबलपुर, नवभारत।** बुधवार को पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मे एससी एसटी एसोसिएशन एवं एससी एसटी वेलफेयर सोसायटी के द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर की 135वी जयंती अशोक सदन में हर्षा उल्लास के साथ मनाई गई, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जबलपुर मंडल के उप मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार, एवं एससी एसटी एसोसियेशन पश्चिम मध्य रेलवे के जोनल अध्यक्ष पुरुषोत्तम आठिया एवं एससी एसटी एसोसियेशन के युवा संरक्षक संजीव रिछारिया, आर के कोरी, सी वी सिंग, अतुल बेन, आनंद भगत, महेंद्र अन्य सभी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## घायलों के लिए पीएम राहत स्कीम बनी जीवनदायिनी

7 दिन तक मुफ्त इलाज की मिली है सुविधा

**अनूपपुर, नवभारत 16 अप्रैल।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों के उपचार के लिए लागू क्क्ू राहत स्कीम अब प्रभावी रूप से आमजन के लिए राहत का माध्यम बन रही है। इस योजना के तहत अब तक 9 नागरिकों को समय पर कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जा चुका है, जिससे उनकी जान बचाई जा सकी।

पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में इस योजना की




लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। पुलिस प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि दुर्घटना के बाद घायल व्यक्ति को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जाए और बिना किसी आर्थिक बाधा के उपचार शुरू हो सके।

### 1.5 लाख तक का इलाज पूरी तरह नि:शुल्क है

योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को 7 दिन तक या अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक का इलाज पूरी तरह नि:शुल्क प्रदान किया जाता है। खास बात यह है कि अस्पताल में भर्ती के समय किसी प्रकार की अग्रिम राशि जमा करने की आवश्यकता नहीं होती और उपचार का पूरा खर्च शासन द्वारा सीधे अस्पताल को दिया जाता है।

### शासकीय के साथ प्राइवेट अस्पतालों में मिलेगी सुविधा

जिले के सभी शासकीय अस्पतालों के साथ-साथ आशीर्वाद हॉस्पिटल, आरडीएस हॉस्पिटल कोतमा, संजीवनी हॉस्पिटल, गुरुकृपा हॉस्पिटल, न्यू लाइफ हॉस्पिटल, संगीता नर्सिंग होम बिजुरी, वी केयर हॉस्पिटल एवं खेड़िया नेत्र चिकित्सालय बिजुरी में भी यह सुविधा उपलब्ध है। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि सड़क दुर्घटना के समय घायल व्यक्ति को तुरंत अस्पताल पहुंचाने में मदद करें।

## एक नजर में



### नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के तहत महिलाएं सम्मानित

**अनूपपुर, नवभारत।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में 10 से 25 अप्रैल तक नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित सोन सभागार में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। यह आयोजन कलेक्टर हर्षल पंचोली और जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले की विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं एवं छात्राओं ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रति 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023' पारित किए जाने पर आभार व्यक्त किया।



### केरहा नाला परिसर में श्रमदान, जल संरक्षण का दिया संदेश

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड कोतमा के केरहा नाला स्थित हनुमान मंदिर परिसर में गुरुवार को वृहद स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह अभियान प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप तथा कलेक्टर हर्षल पंचोली और जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था माँ अंबे सेवा समिति (बगैहा टोला), नगर विकास प्रस्फुटन समिति कोतमा तथा सी.एम.सी.एल.डी.पी. के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने मिलकर केरहा नाला एवं मंदिर परिसर में फैले कचरे की सफाई की और श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने जल स्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी प्रयास नहीं, बल्कि जनभागीदारी से ही सफल हो सकता है।

### छात्राओं ने पोस्टर, रैली से दिया स्वच्छता का संदेश

**नवभारत,जबलपुर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत एक व्याख्यान एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं हेतु पोस्टर, स्लोगन, निबंध, वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा जागरूकता रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. वीणा श्रीवास्तव ने की। संचालन डॉ. बिन्दु शर्मा ने किया। इस अवसर पर डॉ. रेणु बाला घई, डॉ. माधुरी सिंह, डॉ. दिपेन्द्र यादव, डॉ. विभा पाण्डे सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं लगभग 48 छात्राएँ उपस्थित रहीं।

## ई-एचआरएमएस पोर्टल पर अनिवार्य ऑनबोर्डिंग के आदेश

कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**अनूपपुर, नवभारत 16 अप्रैल।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में जिले के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्राथमिकता के आधार पर ई-एचआरएमएस पोर्टल पर ऑनबोर्ड होने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि 31 अप्रैल तक सभी विभागों का पोर्टल पर शिफ्ट होना अनिवार्य है तथा 1 मई से सभी शासकीय कार्य इसी पोर्टल के माध्यम से किए जाएंगे। कलेक्टर ने बताया कि ई-एचआरएमएस पोर्टल के जरिए सर्विस बुक एंट्री, पदोन्नति, वेतन, अवकाश सहित अन्य सुविधाएं आसानी से उपलब्ध होंगी। उन्होंने इस प्रक्रिया के कड़ाई से पालन के निर्देश भी दिए।



### उन्नत रणनीति बनाने पर दिया जोर

बैठक में कृषि वर्ष 2026 के लिए किसानों की आय बढ़ाने हेतु उन्नत रणनीति बनाने पर जोर दिया गया। कलेक्टर ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग को समन्वय के साथ कार्य करने, किसानों को लेमनग्रास की खेती के लिए प्रेरित करने तथा आवश्यकतानुसार कंपनियों के साथ मिलकर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए।

### नारी शक्ति वंदन के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जाए

कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत जिला एवं ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। इसके लिए विभाग को नोडल एजेंसी बनाया गया है। जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने खेत तालाबों के आसपास पौधरोपण, नगरीय तालाबों की सफाई तथा नदी-नालों से कचरा व गाद हटाने के निर्देश दिए।

### 'सोलर सूर्य रथ' से घर-घर पहुंचेगी मुफ्त बिजली योजना की जानकारी

**नवभारत,जबलपुर।** प्रधानमंत्री-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार के लिए शहर में 'सोलर सूर्य रथ' अभियान की शुरुआत हुई। शक्ति भवन, रामपुर में आयोजित कार्यक्रम में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में महापौर के निज सहायक केशव पाण्डेय, एनएसईएफआई के प्रतिनिधि शशि व प्रसून, मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की नोडल अधिकारी सुनंदा यादव, सहायक अभियंता प्रशांत चौबे, कनिष्ठ अभियंता शिल्पी नावेल तथा इदम् कंपनी के अभिषेक दलाल व निखिल उपस्थित रहे। यह रथ 21 अप्रैल तक अधारताल, नेपियर टाउन, रांझी, बिलहरी, विजयनगर और तिलवारा सहित विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर नागरिकों को योजना की जानकारी देगा और लाभ लेने के लिए प्रेरित करेगा।

## देवर्षि नारद जयंती पर कार्यक्रम 3 मई को

मेधावी छात्र-छात्राओं व पत्रकारों का किया जाएगा सम्मान

**अनूपपुर नवभारत 16 अप्रैल।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद, ब्लॉक इकाई अनूपपुर के तत्वावधान में 3 मई को देवर्षि नारद जयंती के पावन अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन बंकिम बिहार रेस्ट हाउस, जमुना कालरी में संपन्न होगा।

कार्यक्रम में लोकसभा क्षेत्र शहडोल की सांसद हिमाद्री सिंह, अनूपपुर विधायक बिसाहूलाल सिंह, कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोतिउर रहमान, भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष श्याम कुमार गुड्डू चौहान सहित समस्त नगर पालिका अध्यक्षों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. नागेंद्र सिंह एवं डॉ. मनीषा शर्मा अपने विचार व्यक्त करेंगे।

### गीत-संगीत का भी होगा आयोजन

आयोजन के दौरान कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। साथ ही यूपीएससी परीक्षा में सफल मेधावी युवाओं और पत्रकार साथियों को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ गीत-संगीत का आयोजन रहेगा तथा आगंतुकों के लिए चाय-नाश्ता एवं सहभोज की व्यवस्था भी की गई है।

प्रतियोगिता | ऑल इंडिया वॉलीबॉल चैलेंजर्स टूर्नामेंट का समापन, 10 टीमों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया

## पुरुष वर्ग में हरियाणा और महिलाओं में उत्तराखंड चैम्पियन



### इन टीमों ने की थी शिरकत

प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में डब्ल्यूसीआर रेलवे जबलपुर, नडियाड एकेडमी गुजरात, जयपुर (राजस्थान), देहरादून एकेडमी (उत्तराखंड), गुड़गांव (हरियाणा) सहित अन्य टीमों ने भाग लिया। वहीं महिला वर्ग में रायपुर (छत्तीसगढ़), रविंद्र भारती एकेडमी कोलकाता, उत्तराखंड एकेडमी, जयपुर (राजस्थान) एवं आरएनसी क्लब नागपुर की टीमें शामिल रहीं।

**राजनगर, नवभारत 16 अप्रैल।** पौराधार वॉलीबॉल ग्राउंड में आयोजित ऑल इंडिया वॉलीबॉल चैलेंजर्स टूर्नामेंट का समापन 15 अप्रैल को हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

चार दिनों तक चली इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर की 10 टीमों ने भाग लेकर उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में एसईसीएल हसदेव क्षेत्र के महाप्रबंधक मनोज बिश्नोई, भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, नप अध्यक्ष एवं जिला योजना समिति सदस्य डॉ. सुनील कुमार चौरसिया, श्रद्धा महिला समिति की अध्यक्ष डॉ. सरोज बाला बिश्नोई अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की गई

प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग के फाइनल में हरियाणा और राजस्थान के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमें हरियाणा की टीम ने 3-1 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। महिला वर्ग के फाइनल में उत्तराखंड की टीम ने रायपुर को 3-0 से हराकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। विजेता एवं उपविजेता टीमों को अतिथियों द्वारा नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### खेलों की युवाओं के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका : डॉ. चौरसिया

समापन अवसर पर डॉ. सुनील कुमार चौरसिया ने कहा कि खेल समाज का अभिन्न अंग है और यह युवाओं के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम का संचालन अनूप सिंह, केवट, कमलेश त्रिपाठी एवं अखिलेश सिंह परिहार द्वारा किया गया, जबकि अंत में आलोक मित्रा ने आभार प्रदर्शन किया। इस सफल आयोजन ने क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को नया मंच प्रदान करते हुए युवाओं में खेल के प्रति उत्साह और प्रेरणा का संचार किया।

## प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण शुरू

**अनूपपुर, नवभारत 15 अप्रैल।** भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण के तहत जिले में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हो चुका है। इस चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई से 30 मई तक किया जाएगा। जिले में जनगणना कार्य को सुचारु, त्रुटिरहित और तकनीक आधारित बनाने के उद्देश्य से एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, अनूपपुर में चार्जवार प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 11 अप्रैल से 20 अप्रैल तक विभिन्न चरणों में संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत तहसील पुष्पराजगढ़ एवं नगर परिषद अमरकंटक के प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को 11 से 13 अप्रैल तक प्रशिक्षित किया गया। नगरपालिका परिषद पसान, कोतमा, बिजुरी, नगर परिषद बनगवां (राजनगर), डूमरकछार तथा तहसील अनूपपुर, जैतहरी और कोतमा के प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण 15 से 17 अप्रैल तक जारी है।